भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1167**

06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष निवेश सारथी**

1167. डॉ. राजेश मिश्राः
श्री अमर शरदराव कालेः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री दुलू महतोः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री पी. पी. चौधरीः
डॉ. के. सुधाकरः
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि:
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री शंकर लालवानीः
श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः
श्रीमती डी. के. अरुणाः
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री अनूप संजय धोत्रेः
श्री अशोक कुमार रावतः
श्री बलभद्र माझीः
श्री राजकुमार चाहरः
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः
श्री खगेन मुर्मुः
श्री बिभु प्रसाद तराईः
श्री यदुवीर वाडियारः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुष निवेश सारथी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सुगम बनाए गए निवेशों के परिणाम क्या हैं;

(ख) परिचालन परियोजनाओं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भागीदारी और रोजगार सृजन

संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) सहयोग में योगदान देने वाले प्रमुख देश कौन से हैं;

(घ) क्या आयुष निवेश सारथी प्लेटफार्म के शुरु होने के बाद आयुष औषधियों और उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयुष निवेश सारथी प्लेटफार्म के शुरु होने के बाद आयुष औषधियों और उत्पादों का आयात करने वाले प्रमुख देशों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या देश के विभिन्न जिलों में योग विज्ञान केंद्र स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष मंत्रालय ने दिनांक 29 मई 2025 को आयुष निवेश सारथी पोर्टल का शुभारंभ किया है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को देश के एक मजबूत आर्थिक क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देना है। इस पोर्टल ने आयुष क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक निवेश सुविधा मंच के रूप में कार्य किया है। यह पोर्टल औषधीय पौधों, डेरिवेटिव और अर्क के व्यापार से संबंधित जानकारी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करता है और आयुष उत्पादों के बढ़ते निर्यात बाजार में मदद देता है तथा अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

आयुष निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से, आयुष मंत्रालय ने मौजूदा नीतिगत तंत्रों और प्रोत्साहन ढांचों को समेकित किया है, निवेश के लिए तैयार परियोजनाओं को प्रदर्शित किया है और एक एकीकृत संपर्क तंत्र के तहत वास्तविक समय में निवेशकों को एक साथ जुड़ने की सुविधा प्रदान की है।

(ख): आयुष निवेश सारथी पोर्टल, मुख्य रूप से एक निवेश सुविधा और सूचना के प्रचार-प्रसार का मंच है, हालांकि यह पोर्टल सीधे परिचालन परियोजनाओं का कार्यान्वयन या निगरानी नहीं करता है, फिर भी यह निवेश के अवसरों, प्रासंगिक नीतियों, योजनाओं और आयुष सांख्यिकी को प्रदर्शित करते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित विभिन्न हितधारकों को जानकारी देता है और उनका मार्गदर्शन प्रदान करता है।

(ग): आयुष क्षेत्र में स्वचालित-मार्ग से 100% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है, जिससे वैश्विक निवेश को बढ़ावा मिलता है। आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के लिए 27 अलग-अलग देशों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, सहयोगात्मक अनुसंधान/शैक्षणिक सहयोग करने के लिए विदेशी संस्थानों के साथ 54 संस्थान-स्तर के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्यौरे क्रमशः संलग्नक-क और संलग्नक-ख में दिए गए हैं।

(घ) और (ङ): आयुष निवेश सारथी पोर्टल, निवेश सुविधा देने और व्यापार बढ़ाने के एक मंच के रूप में कार्य करता है। हालांकि पोर्टल स्वयं व्यक्तिगत लेनदेन के निर्यात आंकड़ों पर न तो सीधे नज़र रखता है और नहीं उसमें मदद देता है, फिर भी इसके शुभारंभ से वैश्विक बाजारों में आयुष क्षेत्र की उपस्थिति को मजबूती मिली है और देश-वार बाजार आसूचना, मानकों और प्रोत्साहन योजनाओं के प्रचार-प्रसार से निर्यातकों को मदद मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्यिक आसूचना

एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आयुष दवाओं और उत्पादों के प्रमुख आयातक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ के देश, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और दक्षिण-पूर्व एशियाई देश शामिल हैं।

(च): योग विज्ञान केंद्र स्थापित करने का अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****

**संलग्नक-क**

**आयुष में सहयोग के लिए बाह्य देशों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों/समझौतों की सूची**

| **क्र.सं.** | **समझौता ज्ञापन का शीर्षक** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत सरकार और अंगोला गणराज्य के बीच समझौता ज्ञापन। | अंगोला |
| 2. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश की सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | बांग्लादेश |
| 3. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और बोलिविया के बहुराष्ट्रीय राज्य की सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | बोलिविया |
| 4. | भारत गणराज्य की सरकार के आयुष मंत्रालय और ब्राजील संघीय गणराज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | ब्राज़ील |
| 5. | पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग के संबंध में भारत गणराज्य के आयुष मंत्रालय और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की पारंपरिक चीनी चिकित्सा के राष्ट्रीय प्रशासन के मध्य समझौता ज्ञापन | चीन |
| 6. | भारत गणराज्य के आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी मंत्रालय और कोलंबिया गणराज्य के स्वास्थ्य और सामाजिक संरक्षण मंत्रालय के मध्य भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर सहयोग के संबंध में समझौता ज्ञापन | कोलंबिया |
| 7. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर आयुष मंत्रालय और क्यूबा गणराज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के मध्य समझौता ज्ञापन | क्यूबा |
| 8. | भारत गणराज्य की सरकार और इक्वेटोरियल गिनी गणराज्य की सरकार के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | इक्वेटोरियल गिनी |
| 9. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और गाम्बिया गणराज्य की सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | गाम्बिया |
| 10. | वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत गणराज्य के आयुष मंत्रालय और जर्मनी संघीय गणराज्य के संघीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मध्य संयुक्त आशय घोषणा | जर्मनी |
| 11. | भारत गणराज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और हंगरी के मानव संसाधन मंत्रालय के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | हंगरी |
| 12. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और इस्लामी गणराज्य की ईरान सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | ईरान |
| 13. | स्वास्थ्य सेवा और कल्याण के क्षेत्र में आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य और जापान की कनागावा प्रीफेक्चरल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | जापान |
| 14. | आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य पारंपरिक पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और कजाकिस्तान गणराज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन | कज़ाकिस्तान |
| 15. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | मलेशिया |
| 16. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार | मॉरीशस |

| | | |
|---|---|---|
| | और मॉरीशस सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | |
| 17. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और मंगोलिया सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | मंगोलिया |
| 18. | आयुष मंत्रालय, भारत और पारंपरिक चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य और खेल मंत्रालय, म्यांमार के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | म्यांमार |
| 19. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और नेपाल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | नेपाल |
| 20. | भारत गणराज्य की सरकार और गिनी गणराज्य की सरकार के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | गिनी गणराज्य |
| 21. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस |
| 22. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और साओ टोम और प्रिंसिपे सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | साओ टोम और प्रिंसिपे |
| 23. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और सूरीनाम गणराज्य की सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | सूरीनाम |
| 24. | पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और भारतीय आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग पर भारत सरकार और तंजानिया संयुक्त गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन | तंजानिया |
| 25. | भारत गणराज्य की सरकार और त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की सरकार के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | त्रिनिनाद और टोबैगो |
| 26. | योग और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और तुर्कमेनिस्तान सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | तुर्कमेनिस्तान |
| 27. | जिम्बाब्वे गणराज्य (स्वास्थ्य और बाल कल्याण मंत्री द्वारा प्रतिनिधित्व) और भारत गणराज्य (आयुष मंत्री द्वारा प्रतिनिधित्व) के मध्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | जिम्बाबे |

**संलग्नक-ख**

**संस्थान-दर-संस्थान स्तर पर समझौता ज्ञापनों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | समझौता ज्ञापन का ब्यौरा | देश |
|---|---|---|
| 1. | होम्योपैथी चिकित्सा में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और यूनिवर्सिडैड मैमोनाइड्स, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन | अर्जेंटीना |
| 2. | राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी) और फंडेसियन डी सालुद आयुर्वेद प्रेमा, अर्जेंटीना के बीच समझौता ज्ञापन | अर्जेंटीना |
| 3. | होम्योपैथी में अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (एनआईआईएम), ऑस्ट्रेलिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन | ऑस्ट्रेलिया |
| 4. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और वेस्टर सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू), ऑस्ट्रेलिया के बीच समझौता ज्ञापन | ऑस्ट्रेलिया |
| 5. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ ग्राज़, ग्राज़, ऑस्ट्रिया के बीच आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग पर हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन | ऑस्ट्रेलिया |
| 6. | केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) और हमदर्द विश्वविद्यालय बांग्लादेश के मध्य समझौता ज्ञापन | बांग्लादेश |
| 7. | होम्योपैथी में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर रियो डी जनेरो संघीय विश्वविद्यालय (एफयूआरजे), ब्राजील और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के मध्य समझौता | ब्राज़ील |
| 8. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और फ्यूचर विजन इंस्टीट्यूट, ब्राजील और साओ पाउलो विश्वविद्यालय, ब्राजील के मध्य समझौता ज्ञापन | ब्राजील |
| 9. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), रियो डी जनेरो संघीय विश्वविद्यालय (यूएफआरजे) और ब्राजील के एकीकृत स्वास्थ्य अकादमिक संघ (सीएबीएसआईएन), ब्राजील के मध्य समझौता ज्ञापन | ब्राज़ील |
| 10. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और श्री वजेरा फाउंडेशन एवं संबद्ध संस्थानों के मध्य समझौता ज्ञापन | ब्राजील |
| 11. | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और कॉलेज ऑफ होम्योपैथ्स ऑफ ओंटारियो (सीएचओ), कनाडा के मध्य समझौता ज्ञापन | कनाडा |
| 12. | सभी अनुसंधान परिषदों की ओर से केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी), भारत सरकार, नई दिल्ली स्थित ("सीसीआरएएस") और एडमोंटन, अल्बर्टा, कनाडा स्थित इंटीग्रेटिव हेल्थ इंस्टीट्यूट की ओर से अल्बर्टा विश्वविद्यालय के राज्यपालों के मध्य समझौता ज्ञापन। | कनाडा |
| 13. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क (यूएचएन), कनाडा के मध्य समझौता ज्ञापन | कनाडा |
| 14. | आयुर्वेद के क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और ला रियूनियन स्थित यूनिवर्सिटी जनरल हॉस्पिटल - चू डे ला रियूनियन के मध्य समझौता ज्ञापन | चू डे ला रीयूनियन |
| 15. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और क्वार्नर हेल्थ टूरिज्म क्लस्टर, क्रोएशिया के मध्य समझौता ज्ञापन | क्रोएशिया |
| 16. | आयुर्वेद में अकादमिक सहयोग की स्थापना हेतु अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइसेंस ऑफ हवाना (यूसीएमएच), हवाना क्यूबा के मध्य समझौता ज्ञापन | क्यूबा |
| 17. | आयुर्वेद और योग में अकादमिक सहयोग की स्थापना हेतु दिनांक 17.07.2024 को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग | चेक गणराज्य |

| | | |
|---|---|---|
| | संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली के साथ चार्ल्स यूनिवर्सिटी चेक गणराज्य और स्लोवेनिया विश्वविद्यालय के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए | |
| 18. | मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली और डिवाइन वैल्यूज़ स्कूल, इक्वाडोर (डीवीएसई) के मध्य समझौता ज्ञापन | इक्वेडोर |
| 19. | होम्योपैथी वैज्ञानिक सोसायटी (विसहोम), जर्मनी और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के मध्य समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 20. | आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग और सहभागिता पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, (एआईआईए), आयुष मंत्रालय और यूरोपीय आयुर्वेद अकादमी (बिरस्टीन), (आरईएए) जर्मनी के मध्य समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 21. | आयुर्वेद में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और न्यूरोलॉजी एवं पूरक चिकित्सा विभाग, लूथरन, हॉस्पिटल हैटिंगेन, जर्मनी के मध्य समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 22. | फ़िज़, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के मध्य समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 23. | केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय और सामाजिक चिकित्सा, महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र संस्थान, चारिटे यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर, बर्लिन जर्मनी के मध्य समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 24. | चिकित्सा इतिहास संस्थान, रॉबर्ट बॉश फाउंडेशन, स्टटगार्ट, जर्मनी द्वारा आयुष पद्धति पर संग्रहालय और होम्योपैथी पर अभिलेखागार के विकास के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 25. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार और चारिटे यूनिवर्सिटेमेडिजिन, बर्लिन जर्मनी के मध्य आयुर्वेद में अकादमिक तथा अनुसंधान सहयोग पर समझौता ज्ञापन | जर्मनी |
| 26. | आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार और पारंपरिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा संस्थान, पीएमबी 31, हो, घाना के मध्य समझौता ज्ञापन | घाना |
| 27. | यूरोपीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान (ईआईएएस), हंगरी की स्थापना के लिए केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार और डेब्रेसेन विश्वविद्यालय, हंगरी (यूडी) के मध्य समझौता ज्ञापन | हंगरी |
| 28. | पारंपरिक चिकित्सा गुणवत्ता आश्वासन के क्षेत्र में सहयोग पर इंडोनेशिया गणराज्य के इंडोनेशियाई खाद्य औषधि प्राधिकरण और भारत गणराज्य के आयुष मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी फार्माकोपिया आयोग के मध्य समझौता ज्ञापन। | इंडोनेशिया |
| 29. | आयुर्वेदिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में सहयोग पर केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और तेल अवीव सोरास्की मेडिकल इंस्टीट्यूट (टीएएसएमसी), इज़राइल के चिकित्सा अनुसंधान अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवा कोष के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर | इज़राइल |
| 30. | होम्योपैथिक चिकित्सा में अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव कॉम्प्लिमेंट्री मेडिसिन, शारे ज़ेडेक मेडिकल सेंटर , जेरूसलम, इज़राइल के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर | इज़राइल |
| 31. | मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) और सर्व योग इंटरनेशनल इटली के मध्य समझौता ज्ञापन | इटली |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | शिमाने विश्वविद्यालय, जापान और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के मध्य समझौता ज्ञापन | जापान |
| 33. | जापान के साथ समझौता ज्ञापन | जापान |
| 34. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और राष्ट्रीय उन्नत औद्योगिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईएसटी) के मध्य समझौता ज्ञापन | जापान |
| 35. | भारत योग केंद्र (आईवाईसी), कोरिया | कोरिया |
| 36. | मलेशिया में आयुर्वेद की शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रकाशन और लोकप्रियकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और टुंकू अब्दुल रहमान, कुआला लम्पुर, मलेशिया आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन | मलेशिया |
| 37. | आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) और पेरू गणराज्य के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के मध्य समझौता ज्ञापन | पेरू |
| 38. | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) जयपुर और फिलीपींस पारंपरिक एवं वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवा संस्थान (पीआईटीएचएसी) फिलीपींस के मध्य समझौता ज्ञापन | फिलिपींस |
| 39. | आयुर्वेद और सिद्ध के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान हेतु सीसीआरएएस, रोमानियाई सोसाइटी ऑफ मेडिसिन और सूरज आयुर्वेद क्लिनिक एवं अनुसंधान केंद्र, पुणे के मध्य समझौता। | रोमानिया |
| 40. | मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली और लीडर्स डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एलडीआई), खेल मंत्रालय सऊदी अरब के मध्य समझौता ज्ञापन | सऊदी अरब |
| 41. | यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) और दक्षिण अफ्रीका की संबद्ध स्वास्थ्य व्यवसाय परिषद (एएचपीसीएसए) के मध्य समझौता ज्ञापन | दक्षिण अफ्रीका |
| 42. | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गोवा, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और यूनिवर्सिटी ऑफ फ्री स्टेट के बीच पारंपरिक चिकित्सा में एक अकादमिक सहयोग की स्थापना पर समझौता ज्ञापन। | दक्षिण अफ्रीका |
| 43. | यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) और राज्य शैक्षिक प्रतिष्ठान "अबुअली इब्न सिनो नामक ताजिक राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय" के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर | तजाकिस्तान |
| 44. | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) और थाई पारंपरिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग के मध्य समझौता ज्ञापन | थाईलैंड |
| 45. | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) और रॉयल लंदन हॉस्पिटल फॉर इंटीग्रेटेड मेडिसिन, यूके के मध्य समझौता ज्ञापन | यूनाइटेड किंगडम |
| 46. | आयुर्वेद में अकादमिक सहयोग की स्थापना पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री की यूके यात्रा के दौरान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और कॉलेज ऑफ मेडिसिन (यूके) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर | यूनाइटेड किंगडम |
| 47. | यूके में कोविड-19 से रिकवरी को बढ़ावा देने के लिए अश्वगंधा पर अनुसंधान हेतु अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), आयुष मंत्रालय और लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम), यूके के मध्य एक समझौते पर हस्ताक्षर | यूनाइटेड किंगडम |
| 48. | पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के लिए आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) (सभी अनुसंधान परिषदों- सीसीआरएएस, सीसीआरयूएम, सीसीआरएस, सीसीआरएच, सीसीआरवाईएन की ओर से) और राष्ट्रीय प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान केंद्र (एनसीएनपीआर) की ओर से मिसिसिपी विश्वविद्यालय, अमेरिका के मध्य समझौता ज्ञापन | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 49. | संयुक्त राज्य अमेरिका फार्माकोपिया कन्वेंशन और भारतीय चिकित्सा फार्माकोपिया | संयुक्त राज्य |

| | | |
|---|---|---|
| | आयोग | अमेरिका |
| 50. | भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी फार्माकोपिया आयोग (पीसीआईएमएंडएच) और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के होम्योपैथिक फार्माकोपिया कन्वेंशन (एचपीसीयूएस) के मध्य समझौता ज्ञापन | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 51. | आयुर्वेद में अकादमिक सहयोग की स्थापना पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), आयुष मंत्रालय और स्पॉल्डिंग रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल, अमेरिका के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 52. | केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय और ओसीसीएएम, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान, स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग, संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 53. | शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान, उपचार, प्रकाशन आदि के क्षेत्र में सहयोग के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) और वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन | वेस्ट इंडीज |
| 54. | 'कोविड-19 से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पद्धति में आयुष पद्धति के एकीकरण का आकलन' नामक आयुष-डब्ल्यूएचओ सहयोगी परियोजना के लिए केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और पीएचएफआई के बीच समझौता ज्ञापन | डब्ल्यूएचओ |